# घर बैठे बनवा सकेंगे ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस

देवास » दबंग रिपोर्टर

## महिलाओं के लिए निःशुल्क बनेगा लर्निंग लाइसेंस

कलेक्टर चन्द्रमौली शुक्ला के मार्गदर्शन में 02 अगस्त को जिला परिवहन कार्यालय में लर्निंग लायसेंस के लिए फेसलेस सेवा लागू की गई है। जिले के नागरिक घर बैठे ऑनलाईन लर्निंग लायसेंस बनवा सकेंगे। अब जिले के नागरिक घर बैठे आवेदन कर सकता है तथा ऑनलाईन परीक्षा देकर अपना लर्निंग लायसेंस बनवा सकते है।

जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा ने बताया आवेदन करने के लिये आवेदक को सबसे पहले परिवहन की वेबसाईट पर लर्निंग लायसेंस एप्लीकेशन एण्ड अपाईन्टमेन्ट सिस्टम ऑप्शन दिखेगा, जिस पर क्लिक करना होगा। इसमें आधार नम्बर डालने के बाद ओटीपी प्राप्त होगा।

सॉफ्टवेयर आधार से फोटो सहित सभी जानकारी प्राप्त कर लेगा। लर्निंग टेस्ट भी ऑनलाईन होगा। आवेदक ऑनलाईन ही लर्निंग लायसेंस का प्रिन्ट निकलवा सकेंगे। जिन लोगों ने लर्निंग लायसेंस के लिए परिवहन विभाग की वेबसाईट से ऑनलाईन अपाईन्टमेंट लिए है, उनके लायसेंस वर्तमान प्रक्रिया के तहत बनते रहेंगे। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनवाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। लोग अब घर बैठे ऑनलाइन लर्निंग लायसेंस बना सकेंगे।

### आधार कार्ड से बनवाए जा सकेंगे लायसेंस

कोई भी व्यक्ति घर बैठे आधार कार्ड के जरिए सारथी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर डिजिटल रूप से निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद लर्निंग लायसेंस बनवा सकेंगे। महिला आवेदकों के लिये यह सुविधा निःशुल्क की गयी है। लर्निंग लायसेंस प्राप्त करने के पूर्व आवेदक को एक टेस्ट देना होगा, जिसमें सड़क सुरक्षा संबंधित से 20 प्रश्न पूछे जाएंगे। आवेदक को उत्तीर्ण होने के लिये 60 प्रतिशत जबाव सही देने होंगे। इसके बाद ही आवेदक को लाईसेंस प्रदान किया जा सकेगा।

### डुप्लीकेट लायसेंस भी ऑनलाइन

लायसेंस नवीनीकरण, डुप्लीकेट प्रति तथा पता परिवर्तन की सुविधा भी आधार कार्ड के आधार पर अगले माह से ऑनलाइन शुरू की जाएगी आवेदन सबमिट होने तथा डिजिटल फीस एवं पोस्टल चार्ज जमा कराने के बाद लायसेंस डाक के माध्यम से भेजा जाएगा।

# श्रावण में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण





बागली। बेहरी-बागली मार्ग स्थित भोम्याजी मंदिर पर श्रावण माह में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन व रूद्र अभिषेक किया जा रहा है। पं. नरेंद्र वैष्णव व पं. ओमप्रकाश वैष्णव द्वारा मनकामेश्वर भगवान शिव का पूजन अभिषेक श्रृंगार किया जा रहा है। पं. वैष्णव ने बताया भगवान श्रीराम ने भी किया था पार्थिव बालू शिवलिंग का निर्माण, भगवान श्रीराम नें भी लंका पर विजय पाने व रावण के साथ युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की पूजा की थी। श्री राम द्वारा इस पूजा को करने के बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। भगवान श्रीराम ही नहीं बल्कि न्याय के देवता शनिदेव ने भी सूर्य से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा की थी। माना जाता है कि शिवलिंग का विधिवत पूजन करने से जीवन में सुख, संपत्ति और शान्ति रहती है। साथ ही संतान सुख से वंचित दंपत्तियों की गोद भर जाती है। वही विवाह मे आने वाली बाधा और सभी दुखों से छुटकारा मिलता है। साथ ही भोम्याजी मंदिर पर रूद्र अभिषेक करने से विवाह में आने वाली बाधा शीघ्र दूर होती। भगवान शिव की पार्थिव पूजा का विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि पंचतत्वों में भगवान शिव पृथ्वी तत्व के अधिपति हैं। पार्थिव शिवलिंग शुद्ध मिट्टी लेकर बनाए जाते हैं। भोग और मोक्ष देने वाले इस पार्थिव शिवलिंग के पूजन को किसी भी नदी, तालाब के किनारे, शिवालय अथवा किसी भी पवित्र स्थान पर किया जा सकता है।

## महिला ने फांसी लगाकर जीवनलीला की समाप्त

सतवास। थाना अंतर्गत ग्राम भांमर में महिला ने सोमवार देर रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सतवास थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार रामवती बाई पति सेवकराम (32) निवासी निमलाय हाल मुकाम भांमर ने सोमवार रात्रि को घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मंगलवार को सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शासकीय चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

# सड़क चौड़ीकरण की मांग एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



महू। प्रशासनिक संकुल निर्माण के प्रस्तावित मार्ग को बनाए जाने की मांग को लेकर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष

निशानसिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में बताया गया कि वर्तमान में संकुल पहुंच इस मार्ग की चौड़ाई 25 फीट है। संकुल में समस्त जनसुविधा के विभागों का स्थान भी होंगे। ऐसे में यातायात बढ़ेगा। इस सड़क की कांग्रेस सरकार के समय से 52 फीट की प्रस्तावित है को संकुल प्रारंभ करने से पूर्व ही बनाया जाए, उसके बाद संकुल का उद्घाटन किया जाए। यातायात दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस चौकी का निमार्ण किया जाए। महासचिव सद्दाम पटेल, नगर अध्यक्ष विपुल जैन, महू ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विशाल शर्मा, महू नगर ब्लॉक अध्यक्ष साकिर खान, रवि पटेल, प्रवीण पाटिल, मुस्तकिम कुरैशी, आशीष वर्मा मौजूद रहे।

# घूरने की बात पर विवाद, हत्या



महू। सोमवार रात 10 बजे चना गोदाम स्थित झोपड़पट्टी में रहने वाली ललिता बाई बच्चे को पास में ही अस्फाक उर्फ अस्सु की दुकान पर चीज दिलाने गई। वहां खड़ा युवक उसे घूरने लगा, जिस पर महिला ने कहा क्यों घूर रहा है। विवाद शुरू हुआ और अस्सु ने उसके दो साथियों नितिन व सचिन के साथ मिलकर ललिता के पति व उसके बेटे पर चाकू व तलवार से हमला कर दिया। जिसमें कैलाश घायल हो गया। जबकि उसके पिता के हाथ में तलवार लगी। दोनों को उपचार के लिए गेटवेल हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां पर कैलाश की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चना गोदाम क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों में छोटी सी बात को लेकर विवाद हुआ। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया। दो भाई व उनके एक दोस्त ने मिलकर कैलाश के परिवार पर तलवार व चाकुओं से हमला कर दिया, जिसमें कैलाश व उसके पिता अशोक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां कैलाश की मौत हो गई। उसके पिता का उपचार जारी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि एक युवक फरार है। पुलिस ने मर्ग कायम कर अस्फाक उर्फ अस्सु व नितिन को हिरासत में लिया है, जबकि सचिन फरार है।


## कार्यालय नगर परिषद, अंजड जिला-बड़वानी (म.प्र.)

E-mail Id - cmoanjad@mpurban.gov.in दुरभाष/फैक्स नंबर 07284-251024

क्रमांक/1850/ई-टेण्डरिंग/लो.नि./2021 अंजड़ दिनांक 30/07/2021

### द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण-सूचना

एतद् द्वारा समस्त केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकत ठेकेदारों को सचित किया जाता है कि काय का निम्नलिखित कार्य करवाया जाना है, जिस हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा म.प्र. शासन के पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** से UADD विभागान्तर्गत आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021_UAD_153188_1 | WORK IN TACK COAT AND BC WORK OVER OLD CC ROAD UNDER CM INFRASTRUCTER – III PHASE AT ANJAD DISTT- BARWANI | 67,24,244/- | 50,500/- | 10,000/- | 4 माह वर्षाकाल को छोड़कर |

**नियम व शर्तें :**

1. इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड **https://mptenders.gov.in** पर देख सकते है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 30/07/2020 समय प्रातः 10:30 बजे ससे दिनांक 13/08/2021 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है।
3. ऑनलाईन बीड सबमिशन करने की अंतिम दिनांक 13/08/2021 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है।
4. निकाय द्वारा ऑनलाईन दस्तावेज ही स्वीकार किये जायेंगे।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल पोर्टल पर ऑनलाईन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
6. निविदाकार को उपरोक्तानुसार अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र की मूल्य की राशि जमा की जान अनिवार्य है, जिस हेतु निकाय द्वारा अमानत राशि में किसी भी प्रकार की छूट (**Exemption**) प्रदान नहीं की जावेगी। ग्यारंटी अवधि में ठेकेदार को अमानत राशि एवं रनिंग देयकों से काटी गई सुरक्षा निधि जमा रहेगी।
7. ग्यारंटी अवधि का गणना कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर सक्षम पदाधिकारी द्वारा किये जाने की दिनांक से होगी सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम देयकों के अनुमोदन के उपरांत उक्त राशि वापिस की जावेगी।
8. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय हेतु सक्षम श्रेणी में वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. अंतिम देयक तक निर्माण कार्य की 10 प्रतिशत राशि रोकी जावेगी। अंतिम देयक अनुमोदन पश्चात रोकी गई राशि भुगतान की जावेगी।
10. विज्ञप्ति जारी दिनांक तक एवं विज्ञप्ति के पश्चात भी शासन द्वारा जारी किए गए सभी प्रकार के संशोधन लागु रहेंगे।
11. किसी भी कार्य को कम या अधिक अथवा विवाद की स्थिति में निरस्त करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
12. निविदा में समस्त कार्यो में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत लेखा नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा डालने के पूर्व निविदाकार स्थल का निरीक्षण कर नगर परिषद् में उपलब्ध शर्तो का अध्ययन करने के उपरांत ही टेण्डर क्रय करें।
14. कार्य में कमी या वृद्धि करने का अधिकारी निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
15. निविदा संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

**मयाराम सोलंकी**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् अंजड़ जिला बड़वानी (म.प्र.)

**रन्छोड़ जिराती**
उपाध्यक्ष
नगर परिषद् अंजड़ जिला बड़वानी (म.प्र.)


## जिला चिकित्सा अधिकारी पहुंचे शासकीय अस्पताल

# 'ऑक्सीजन प्लांट अभी नहीं, जम्बो सिलेंडर से काम चल जाएगा'

सोनकच्छ » दबंग रिपोर्टर



मंगलवार को जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी शर्मा स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में फैलीं अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 'दबंग दुनिया' समाचार पत्र अस्पताल में पसरी अव्यवस्थाओं को लेकर लगातार समाचारों का प्रकाशन कर रहा है, जिस पर संज्ञान लेते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

सोमवार को तहसीलदार जितेन्द्र वर्मा ने भी अस्पताल का निरीक्षण किया था। उन्होंने ओपीडी से लेकर अस्पताल की साफ सफाई, एक्सरे रूम का निरीक्षण किया। उन्हे शौचालयों में सफाई का अभाव दिखा। सीएचएमओ के आने की खबर नगर के जागरुक लोगों को लगी तो वो भी अस्पताल में व्याप्त समस्याओं को लेकर सीएचएमओ के पास पहुंचे। नगर जागरूकता मंच के सदस्यों द्वारा अस्पताल में आक्सीजन प्लांट लगाने, अस्पताल में रात में डॉक्टर के नहीं होने, एम्बुलेंस सेवा नहीं होने, स्टाफ की कमी जैसी अनेक समस्याओं को लेकर चर्चा की। सीएचएमओ ने समस्याएं हल करने का बीएमओ डॉ. आर्दश ननेरिया को सुझाव दिया।

जागरूकता मंच के सदस्यों ने डॉ. शर्मा को बताया जिस जगह को आक्सीजन प्लांट के लिए चिन्हित किया गया है वहां बीएमओ हर्बल गार्डन बना रहे हैं, तो डॉक्टर शर्मा ने कहा कि आक्सीजन प्लांट अभी जरुरी नहीं है उस के लिए अस्पताल में जम्बो आक्सीजन सिलेंडर है और मशीन है जो अस्पताल के लिए पर्याप्त है। सीएचएमओ ने नागरिकों की समस्याओ का समाधान आठ दिन में हल करने का आश्वासन दिया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

महू » दबंग रिपोर्टर

डोंगरगांव स्थित शासकीय भेरूलाल पाटीदार महाविद्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ एवं एनसीसी इकाई के तत्वावधान में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रारम्भ में कार्यक्रम संयोजक डॉ. रोशन बेंजामिन ने महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की। प्राध्यापक डॉ. प्रवीण ओझा ने महिलाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. शोभा जैन ने कहा कि एक सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. संजय सोहनी ने महिला सशक्तिकरण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए 9 मप्र बटालियन एनसीसी इन्दौर एवं 1 मप्र गर्ल्स बटालियन एनसीसी इन्दौर के एनसीसी के 75 कैडेट्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## निर्माण कार्यो के लिए राशि स्वीकृत

बागली। विधानसभा क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत बागली विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर चन्द्रमौली शुक्ला द्वारा विकासखण्ड बागली में निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जारी आदेश अनुसार विकासखण्ड बागली के ग्राम बिलावली में आर.आर.सी. शेड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए प्रशासकीय स्वीकृति जारी है।

## समाजसेवी सोलिया का निधन

बागली। ग्राम नयापुरा के समाजसेवी व भारतीय किसान संघ प्रचार-प्रसार प्रमुख शांतिलाल सोलिया, कांतिलाल सोलिया, अनोखीलाल सोलिया के पिताश्री एवं सुनील, अनिल, धीरज (बंटी), संजय, अभिषेक के दादाजी बापूसिंह सोलिया का लम्बी बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में गत दिनों को निधन हो गया। उनके निधन पर डॉ रामचंद्र राठौर, मुकेश गोस्वामी, सुनील योगी, सुनील जायसवाल, हीरालाल गोस्वामी, बब्लू जायसवाल, संदीप जायसवाल, राजेश राजपूत ने श्रद्धांजलि दी।


## कार्यालय नगर परिषद निवाली बुजूर्ग/जिला-बड़वानी (म.प्र.)

Sendhwa Khetiya State Highway Dhind Khadi Bhandar, Niwall Bu,
Mail cmoniwalibururempurban.gov.in website : www. mpurhan.gov.in

निविदा क्र./765/ई-टेण्डरिंग/2021 दिनांक 30.07.2021

### - ई-निविदा आमंत्रण सूचना -

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत कन्सलटेट फर्मो को सूचित किया जाता है कि, निकाय अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बी.एल.सी. घटक हेत डीपीआर बनाई जानी है, जिस निम्नलिखित निविदा ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल **www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| पोर्टल टेण्डर नं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि राशि | कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रू | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 2021_UAD_153531_1 | Providing Consultancy Services for Preparation of Housing For All Plan of Action (HFAPoA) and feeding the data in MIS for Municipal Council NIWALI BUZURG District BARWANI under PMAY | 20,000/- | 2,000/- | 1 माह |

**नोट -**
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र कय करने की तिथि 02.08.2021 प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 16.08. 2021 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। तथा ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की तिथि 09.08. 2021 प्रातः 10.30 बजे से 16.08.2021 सायं 5.30 बजे तक रहेगी। अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है। उपरोक्त कार्य के **Amendments** केवल वेबसाईट पर ही **Corrigendum** अन्तर्गत प्रकाशित किये जावेंगे।

**रूपसिंग सोंलकी**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपरिषद निवाली बुजूर्ग जिला-बड़वानी (म.प्र)



## PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 9999, Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in
E-mail : complianceofficer@yellowdiamond.in

### EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE 2021

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 30.06.2021 Unaudited | QUARTER ENDED 31.03.2021 Audited (Refer Note 3) | QUARTER ENDED 30.06.2020 Unaudited | YEAR ENDED 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total revenue from operations | 27,961.92 | 30,953.88 | 19,573.81 | 1,17,108.88 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | (217.54) | 229.64 | (754.70) | 1,107.10 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (217.54) | 229.64 | (754.70) | 1,107.10 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (159.49) | 712.57 | (595.89) | 1,415.59 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (159.06) | 733.95 | (597.20) | 1,433.05 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | 61,138.94 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | |
| Basic - INR | (0.68) | 3.04 | (2.54) | 6.04 |
| Diluted - INR | (0.68) | 3.04 | (2.54) | 6.04 |

**Notes :**

1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Holding Company at their respective meetings held on 3rd August, 2021.

2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The figures of the quarter ended 31st March, 2021 are balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the unaudited published year-to-date figures upto 31st December, 2020 which were subjected to limited review.

4 The Group's operations and revenue were impacted on account of disruption in economic activity due to COVID-19. As the products manufactured by the Group are covered under essential services, the impact has been less significant. Management believes that the pandemic is not likely to impact the recoverability of the carrying value of its assets. Management is closely monitoring the developments and possible effects that may result from the current pandemic on its financial condition, liquidity and operations and is actively working to minimize the impact of this unprecedented situation. As the situation is continuously evolving, the eventual impact may be different from the estimates made as of the date of approval of these consolidated Ind AS financial results.

5 The Key unaudited standalone Ind AS financial information are as under:

(INR in lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 30.06.2021 Unaudited | QUARTER ENDED 31.03.2021 Audited (Refer Note 3) | QUARTER ENDED 30.06.2020 Unaudited | YEAR ENDED 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total revenue from operations | 23,871.89 | 26,631.23 | 16,516.84 | 1,01,037.57 |
| Profit before tax | 123.75 | 591.18 | (578.98) | 1,989.89 |
| Profit after tax | 102.71 | 980.72 | (465.48) | 2,086.08 |

6. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2021, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2021 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For **Prataap Snacks Limited**

**Place: Indore**
**Date: 03 August, 2021**

**Amit Kumat**
**Managing Director and Chief Executive Officer**

ANIL PUB.